सब किरपा की बात है

सब किरपा की बात है,
किस किस को यह क्या मिलेगा ये श्याम के हाथ है,
सब किरपा की बात है,

किरपा से ही हनुमान जी पहाड़ उठा कर लाये थे,
धरु भक्त ने किरपा से विष्णु के दर्शन पाए थे,
सब कुछ करते श्याम प्यारे मेरी औकात क्या है,
सब किरपा की बात है,

किरपा से प्रलाह्द भक्त ने नारायण को पाया था,
किरपा से माँ मीरा जी ने कान्हा जी को भुलाया था,
किरपा से सुदामा के सुधेरे हालात है,
सब किरपा की बात है,

किरपा से ही मरते वक़्त रावण ने राम का नाम लिया,
किरपा से शिव शंकर ने दुनिया की खातिर विष था पिया,
किरपा से ही आनंद की होती वरसात है
सब किरपा की बात है,

हर ग्यारस को किरपा से ही हम सब खाटू जाते है,
किरपा से ही सभी प्रेमी श्याम के दर्शन पाते है,
रव दास कहे किरपा से हमारी हुई मुलाक़ात है,
सब किरपा की बात है

किरपा से ही ध्यानु भक्त ने जग में नाम कमाया था,
माँ जगदम्बे के चरणों में काट के शीश चड़ाया था,
अमित धूल के किरपा से सुधेरे हालात है,
सब किरपा की बात है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11981/title/sab-kirpa-ki-baat-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |